कार्रवाई — धमकी में आबकारी विभाग की रात्रिकालीन दबिश, आरोपी को भेजा जेल

# रिहायशी मकान से 35 लीटर कच्ची शराब बरामद



**सिहोरा नवभारत 16 सितंबर।** आबकारी अपराधों पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे स्पेशल ड्राइव के तहत आबकारी विभाग ने मंगलवार रात ग्राम धमकी, थाना गोसलपुर में कार्रवाई करते हुए 35 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब बरामद की। कार्रवाई जबलपुर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त जबलपुर संजीव कुमार दुबे के मार्गदर्शन में की गई।

आबकारी विभाग को मुखबिर से ग्राम धमकी में अवैध शराब के निर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर वृत्त सिहोरा की टीम ने रात्रिकालीन दबिश दी। इस दौरान आरोपी कुलविंदर कुचबंदिया पिता बद्री सिंह कुचबंदिया के रिहायशी मकान की तलाशी लेने पर 35 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा बरामद हुई।

### आरोपी को लिया न्यायिक अभिरक्षा में

बरामद मदिरा के प्रथम दृष्टया मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त होने की संभावना को देखते हुए रासायनिक परीक्षण के लिए नमूना लिया गया। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 49(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### ये रहे कार्रवाई में शामिल

कार्रवाई के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी योगेश कुमार टटवाड़े, वृत्त प्रभारी आर.एस. मरावी, परि. आबकारी उपनिरीक्षक नरेंद्र उईके, आबकारी मुख्य आरक्षक फूल सिंह एटिया, संतलाल मरावी तथा आबकारी आरक्षक अशोक सिंह बघेल, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह एवं रवि शंकर कुशरे उपस्थित रहे।

# मझौली तक इलेक्ट्रिक बस सेवा के लिए सौंपा ज्ञापन



**तहसील कार्यालय में कांग्रेस का प्रदर्शन**

**मझौली नवभारत 16 सितंबर।** जबलपुर से मझौली मेट्रो इलेक्ट्रिक बस सेवा की मांग को लेकर आज तहसील कार्यालय, मझौली में ज्ञापन सौंपा गया।

ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव के निर्देश एवं उपस्थिति में जिला ग्रामीण महामंत्री दिलीप सिंह राजपूत के संयोजन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अम्बर सिंह राजपूत के नेतृत्व में यह मुद्दा उठाया गया। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश तिवारी एवं मझौली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अंबर सिंह राजपूत, अर्चना दाहिया अध्यक्ष ग्रामीण जिला महिला कांग्रेस जबलपुर,के नेतृत्व में क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित जनसमस्या को मजबूती से उठाया गया।

### बुलंद करेंगे जनता की आवाज

यह मांग केवल बस सेवा की नहीं, बल्कि मझौली, इंद्राना एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बेहतर आवागमन, विद्यार्थियों, किसानों, कर्मचारियों और आम नागरिकों की सुविधा से जुड़ी हुई है। नेताओं ने कहा कि जनता की आवाज़ को बुलंद करना हमारा संकल्प है साथ ही जबलपुर से मझौली तक बेहतर परिवहन व्यवस्था जनता का अधिकार है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता चेना पटेल, प्रदीप पटेल सदस्य जिला पंचायत, आभास दुबे अध्यक्ष युवक कांग्रेस, सुरेश माझी, प्रहलाद सिंह, प्रकाश सिंह, अवधेश दुबे, बबली ठाकुर, आजाद साहू पूर्व नगर अध्यक्ष, योगेश चौबे, नारायण लोधी, राजेश सिंह, मनीष ठाकुर, ललित सोनी, डब्लू चौबे, बिकास साहू नगर अध्यक्ष, हुकम पटेल, रिंकू नारायण सिंह अध्यक्ष मंडलम कांग्रेस देवरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# छात्रों की गूंज के लिए आईटीआई छात्रों से मिले कांग्रेसी

**19 को इंदौर चलने की अपील**



**बेलखाडू नवभारत 16 सितंबर।** इंदौर में छात्रों के लिए होने वाले कार्यक्रम के लिए ग्रामीण कांग्रेस भी तैयारियों में जुटी है इसी क्रम में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलखाडू के तत्वावधान में जबलपुर आईटीआई कॉलेज में एनएसयूआई नेता राहुल यादव एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजीत सिंह परिहार के संयुक्त आयोजन में मुख्य अतिथि जबलपुर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय यादव द्वारा 19 सितंबर को इंदौर में होने वाले छात्रों की गूंज कार्यक्रम में छात्रों से पहुंचने एवं रजिस्ट्रेशन करने की अपील करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य से वाकिफ कराया।

लगभग 50 छात्रों ने संवाद प्रकिया से संतुष्ट होते हुए तत्काल ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया। इक्षुक रजिस्टर्ड छात्रों को कांग्रेस जन इंदौर लेकर जाएंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता रूपेंद्र पटेल, राजेश तिवारी, एडवोकेट बब्बू यादव, चतुर सिंह लोधी,रिंकू तिवारी, पवन सोनी, शुभम पटेल,अमन महेरे सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस का सरकार को अल्टीमेटम

## कांग्रेस ने स्वास्थ्य व्यवस्था की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन, मांगें पूरी नहीं होने पर चक्काजाम की चेतावनी

**कटंगी नवभारत 16 सितंबर।** कटंगी क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था, सर्पदंश से दो वर्षीय मासूम की मौत के मामले में मुआवजे की मांग और कटंगी-जबलपुर के बीच मेट्रो बस सेवा शुरू करने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने शासन-प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ठाकुर नेकनारायण सिंह एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर जबलपुर के नाम तहसीलदार कटंगी को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि 26 अगस्त को सर्पदंश से पीड़ित दो वर्षीय मासूम को उपचार के लिए कटंगी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था, जहां कथित तौर पर एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध नहीं होने के कारण समय पर आवश्यक उपचार नहीं मिल सका और बच्चे की मौत हो गई। कांग्रेस ने मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों पर नियमानुसार कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।



### कटंगी मेट्रो बस की मांग

ज्ञापन में कटंगी से जबलपुर के बीच मेट्रो बस सेवा शुरू करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। कांग्रेस नेताओं के अनुसार कटंगी क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में छात्र, व्यापारी, मजदूर और मरीज प्रतिदिन जबलपुर आवागमन करते हैं। ऐसे में सार्वजनिक परिवहन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना आवश्यक है। कांग्रेस ने कटंगी से जबलपुर के बीच कम से कम चार मेट्रो बसें शुरू करने की मांग प्रशासन के समक्ष रखी है। नेताओं का कहना है कि बस सेवा शुरू होने से छात्रों, मरीजों, व्यापारियों और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

### मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन

ज्ञापन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मासूम की मौत के मामले में जांच एवं कार्रवाई नहीं हुई, पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा नहीं मिला और कटंगी-जबलपुर मेट्रो बस सेवा की मांग पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो क्षेत्रवासियों के साथ आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस ने आवश्यकता पड़ने पर चक्काजाम की चेतावनी भी दी।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मेट्रो बस सेवा शुरू कराने के प्रयासों से वे पहले से जुड़े रहे हैं और इस संबंध में आवश्यक जानकारी एवं तथ्य उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि कटंगी क्षेत्र की जनता की परिवहन संबंधी समस्या का समाधान किया जाना आवश्यक है।

### इनकी रही उपस्थिति

ज्ञापन एवं प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ नेता राजेश तिवारी, राम विनय कारसोलिया, विक्रम सिंह, सुरेंद्र शुक्ला, शिव नामदेव, बब्बू यादव, प्रदीप पटेल, जयंत जैन, जगदीश सोनी, देवेश चौरसिया, मनोज तिवारी, दिनेश जैन, ललित सोनी, फिरोज खान, मकसूद खान, मालिक यादव, कालीचरण यादव, पुष्पेंद्र सिंह राजपूत, दारा सिंह, प्रमोद दुबे, मनीष चौरसिया, यासिर अराफात खान, रज्जाक खान, लेखराज सिंह, सुरेश दुबे, डॉ. ओंकार सिंह, रीना मिश्रा, नगीना बी, मोहम्मद यूनुस, जमील खान, जीतू पाठक, विमलेश उपाध्याय, सुल्तान सिंह, रवि जैन, रितेश सिंघाई, आसिफ खान, मोहसिन खान, महेंद्र नेमा, चंदू पटेल, लाटोरी पटेल, यशवंत पटेल, रज्जन झरिया, राजा जैन, शुभम सिंह, सत्यम नेमा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# आहार में स्वाद से पहले पौष्टिकता जरूरी




**आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में पोषण अभियान के अंतर्गत व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन**

**सिहोरा नवभारत 16 सितंबर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित पोषण अभियान के तहत परियोजना कार्यालय सिहोरा के तहत संचालित ग्राम गोसलपुर के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में व्यंजन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को बताया गया कि आहार में स्वाद से पहले पौष्टिकता जरूरी है।

कार्यक्रम में पोषक तत्वों से भरपूर स्थानीय व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई।


आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने मोटे अनाज हरी सब्जियों एवं दालों से बने पौष्टिक व्यंजन तैयार कर उनके महत्व की जानकारी दी कार्यक्रम में मुख्य रूप से कन्या शाला गोसलपुर की प्रधानाध्यापिका प्रियंका तंतुवाय जुझारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर से डॉ. ज्योति त्रिपाठी डॉ. श्वेता डॉ. यशोधरा मरावी श्रीमती माया झारिया शशीता खटीक शिखा पटेल आदि उपस्थित रहीं सभी ने पोषण के प्रति जागरूकता पर जोर देते हुए कहा की कुपोषण को दूर करने के लिए स्थानीय और पौष्टिक आहार को अपनाना जरूरी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माताएं, किशोरी बालिकाएं एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं अंत में उत्कृष्ट व्यंजन बनाने वाली प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

### श्री राजकुमार केशरवानी भूरा का निधन



**पनागर।** जगमोहन वार्ड निवासी राजकुमार केशरवानी भूरा का 60 वर्ष की आयु में निधन हो गया । आप सोनू केशरवानी के पिता एवं गोलू, विवेक, रवि केशरवानी के बड़े पिता थे। अंतिम संस्कार जगमोहन वार्ड स्थित शमशान घाट में किया गया।

### दौलत राम चौरसिया का निधन



**कटंगी।** कटंगी निवासी दौलत राम चौरसिया 75 वर्ष का निधन हो गया। आप महेश चौरसिया के पिता एवं रवि, रोहित चौरसिया के दादा थे। अंतिम संस्कार स्थानीय हिरन नदी स्थित मुक्तिधाम में गुरुवार को सुबह 9 बजे होगा।




# विद्यार्थी जीवन से पोषण आहार का ज्ञान जरूरी

**पोषण माह के तहत पोषण प्रदर्शनी का आयोजन**

**पनागर नवभारत 16 सितंबर।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना सेवा पनागर के अंतर्गत पोषण माह की श्रृंखला में आज शासकीय कला महाविद्यालय, फूटाताल में पोषण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व के प्रति जागरूक किया गया ।कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी श्रीमती आराधना गर्ग ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को पोषण आहार के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि शरीर के समुचित विकास, रोग प्रतिरोधक क्षमता और स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार आवश्यक है। उन्होंने पोषक तत्वों की कमी से होने वाले विभिन्न दुष्प्रभावों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय कैंसर संस्थान के सहायक प्राध्यापक डॉ. दिनेश कटेहा, सहायक प्राध्यापक डॉ. साक्षी पाण्डेय, डॉ. दीक्षा देवी चौधरी, सहायक प्राध्यापक डॉ. पी.के. जैन सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में दीक्षा चौधरी, सुपरवाइजर स्नेहलता पटेल, शिव्या दुबे, रश्मि पांडे, कल्पना सिंह एवं आरती महंत की सहभागिता रही। पोषण प्रदर्शनी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न पौष्टिक खाद्य पदार्थों एवं व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। जिसे लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। प्रदर्शनी के माध्यम से स्वस्थ खान-पान और पोषण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।



# बीमा, चैंबर और कम्प्यूटर की उठाई मांग

**सिहोरा अधिवक्ता संघ ने सीएम को सौंपा ज्ञापन**

**सिहोरा नवभारत 16 सितंबर।** तहसील अधिवक्ता संघ सिहोरा, जिला जबलपुर ने अध्यक्ष रविदीप सिंह बैस की अगुवाई में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर उत्तर प्रदेश की तर्ज पर अधिवक्ता कल्याण सुविधाएं लागू करने की मांग की। संघ ने 5 लाख तक कैशलेस स्वास्थ्य बीमा, न्यायालय परिसरों में पर्याप्त व बहुस्तरीय पार्किंग, नए चैंबर तथा अधिवक्ताओं और विधि अधिकारियों को टैबलेट व डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराने की मांग रखी।

**उप्र की तर्ज पर मिलें सुविधाएं-** यूपी में घोषित सुविधाओं का दिया हवाला : संघ ने बताया कि उत्तर प्रदेश में सक्रिय अधिवक्ताओं के लिए ?5 लाख तक कैशलेस मेडिकल इंश्योरेंस, चैंबरों में फर्नीचर व उपकरण के लिए सहयोग, 400 राज्य विधि अधिकारियों को टैबलेट और अधिवक्ता कल्याण निधि की सहायता 1.50 लाख से बढ़ाकर 5 लाख की गई है। प्रयागराज में 10 हजार से अधिक अधिवक्ताओं के लिए चैंबर व मल्टीलेवल पार्किंग भी विकसित की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसलिए स्वास्थ्य, कार्यस्थल और तकनीकी सुविधाएं मजबूत होना जरूरी है। इस दौरान सचिव आनंदमणि त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार मिश्रा, सह-सचिव आशीष व्योहार, आलोक व्योहार, सुनील पटेल, आनंद कुमार पटेल, अभय नारायण मिश्रा, साकेत पिंडिया, नागेश उपाध्याय, रमेश पटेल, मनोज दुबे, अंकुर जैन, कन्हैया, अनेक तिवारी और कान्हा पांडे सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम — शासकीय एसएस अग्रवाल कालेज में जागरूकता कार्यक्रम

# कैंसर के उपचार में देरी सबसे बड़ी चिंता का विषय : डॉ . दामदे

**सिहोरा नवभारत 16 सितंबर।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में कैंसर के प्रति विद्यार्थियों एवं आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'नमो प्रेरणा' अभियान अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर परिसर स्थित स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कैंसर के कारणों, शुरुआती लक्षणों, बचाव, समय पर जाँच तथा उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

कार्यक्रम में स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. हरि दामदे एवं डॉ. सीमा सूर्यवंशी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने की। संयोजन डॉ. डी.के. बघेल ने एवं संचालन भव्या विश्वकर्मा ने किया।



### तंबाकू-गुटखा प्रमुख कारण

डॉ. हरि दामदे ने नशे और कैंसर के संबंध पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति सचेत किया। उन्होंने नशे की आदत छोड़ने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति विकसित करने, आवश्यकता पड़ने पर नशामुक्ति केंद्रों की सहायता लेने तथा नशामुक्त जीवन के लिए स्वस्थ दिनचर्या अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कैंसर के उपचार में देरी सबसे बड़ी चिंता का विषय है। उनके अनुसार, लगभग 40 प्रतिशत मरीज अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते और 80 प्रतिशत मामलों में बीमारी अंतिम अवस्था में होती है। उन्होंने बताया कि अस्पताल पहुंचने में देरी के पीछे भय, अंधविश्वास और बीमारी को लेकर प्रचलित भ्रांतियाँ प्रमुख कारणों में शामिल हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे कैंसर के संभावित लक्षणों को नजरअंदाज न करें और आवश्यकता होने पर समय पर चिकित्सकीय जांच एवं उपचार कराएं।

### संदिग्ध लक्षणों को नहीं करें नजद अंदाज

डॉ. सीमा सूर्यवंशी ने कैंसर के शुरुआती लक्षणों और समय पर चिकित्सकीय हस्तक्षेप के महत्व को समझाया। उन्होंने विशेष रूप से स्तन कैंसर के संदर्भ में जानकारी दी। उन्होंने किसी अंग में होने वाले असामान्य परिवर्तन, लंबे समय तक रहने वाली तकलीफ अथवा अन्य संदिग्ध लक्षणों को नजरअंदाज न करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने शरीर में होने वाले असामान्य परिवर्तनों के प्रति सजग रहना चाहिए और आवश्यकता होने पर समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए।

### संतुलित खान-पान और जीवशैली अपनाएं

उन्होंने कैंसर को बहु-कारकीय बीमारी बताते हुए पर्यावरणीय परिवर्तन, विकिरण के संपर्क, आनुवंशिक कारकों, नशे की आदतों तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट और कीटनाशकों के संपर्क जैसे विभिन्न कारकों का उल्लेख किया। उन्होंने संतुलित खान-पान और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर भी बल दिया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने कैंसर से संबंधित विभिन्न जिज्ञासाएँ रखीं। भारत में उपलब्ध कैंसर से संबंधित टीकों, स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट की सुविधाओं तथा उपचार की उपलब्धता से जुड़े प्रश्नों पर चिकित्सकों ने जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में विभिन्न प्रकार के कैंसर के उपचार की सुविधाएँ उपलब्ध हैं तथा पात्र मरीजों को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार उपचार सुविधा प्रदान की जाती है।

### लघु फिल्म मायाजाल का प्रदर्शन

कार्यक्रम के दौरान कैंसर जागरूकता पर आधारित लघु फिल्म 'मायाजाल' का प्रदर्शन भी किया गया। फिल्म के माध्यम से कैंसर से जुड़े भय, भ्रांतियों और जागरूकता की आवश्यकता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के विरुद्ध बचाव, जागरूकता और समय पर चिकित्सकीय हस्तक्षेप अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज में भी स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी प्रसारित करने का आह्वान किया।